# राज्य स्तरीय सम्मान प्राप्त संस्थान

(रोटरी क्लब ऑफ बरेली नार्थ एवं इनरव्हील क्लब बरेली न्यू नार्थ के सहयोग से संचालित)

Rotary

# पूजा सेवा संस्थान (रजि.)

बौद्धिक दिव्यांग बच्चों को आत्मनिर्भर बनाने हेतु विशेष केंद्र

डे-केयर सेण्टर



# LAKSHYA

12th Edition
2024-25


Regd. with : U.P. Govt. Regd. No. 2845/2014-15

National Trust Regd. No. 371438097/MR/CP/AUTISM/MD

Niti Ayog Unique I.D. UP/2016/0098776

1-राजीव कुंज, इज्जतनगर थाने के पीछे, बरेली।

9568181368, 8433063305

www.poojasewasansthan.org

poojasewasansthan2010@gmail.com

# Chairman's Message



**बोर्ड सदस्य नेशनल ट्रस्ट,**
**सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार**
**सदस्य-दिव्यांगजन सलाहकार बोर्ड (उ.प्र.)**

पूजा सेवा संस्थान में आपका स्वागत है, एक ऐसी जगह जहाँ हम स्पेशल बच्चों को सुरक्षित, सम्मानजनक और प्यार भरे माहौल में जीवन के लिए तैयार करते है। हम अपने स्पेशल बच्चों को स्वयं के बारे में और दूसरों के साथ उनके सम्बन्धों के बारे में सीखने में मदद करने के लिए प्रतिबद्ध है। स्पेशल बच्चों को उस समाज से अलग नहीं रखा जाता है जिसमें वह रहता है, बल्कि उसे एक ऐसे व्यक्ति के रूप में देखा जाता है जिसे कई भूमिकाए निभानी होती है। समाज में योगदान देने वाला सदस्य जिसके पास असमानता के प्रति जागरूक होने की सहानुभूति होती है, एक ह्रदय होता है जो दूसरों के लिए महसूस करता है और एक दिमाग जो समस्याओं का नवीन समाधान ढूढता है। 14 वर्ष पूर्व रोटरी क्लब बरेली नार्थ एवं इनरव्हील क्लब बरेली न्यू नार्थ के सहयोग से पूजा सेवा संस्थान की स्थापना वर्ष 2010 में मेरे एक छोटे से बीज के रूप में की गयी। वह नन्ही कली जिसे प्यार और देखभाल के साथ बोया गया अब वह 42 से भी अधिक स्पेशल बच्चों के साथ संस्थान के रूप में खिल चुकी है। मैं पिछले 14 वर्षो से इस संस्थान का हिस्सा होने के लिए भाग्यशाली हूँ और मैने बच्चों के उत्साह, और दृढ़ सकंल्प को महसूस किया और उसका आनन्द लिया क्योकि हम उन्हे समाज की मुख्य धारा में जोड़ने के लिए सशक्त और प्रेरित करते है। इन बच्चों को दिव्यांग नाम दिये जाने से समाज में हम सभी की सोच बदली है, और आज हम स्पेशल बच्चों को प्रबुद्ध, समृद्ध और सशक्त बनाने हेतु प्रयासरत् हैं। इसी के फलस्वप वर्ष 2015 में उ0 प्र0 सरकार द्वारा संस्थान को 'उत्कृष्ट संस्थान' का राज्य स्तरीय पुरस्कार तथा 2022 में मुझे सर्वश्रेष्ठ व्यक्ति दिव्यांगों के प्रति समर्पित का उ.प्र. सरकार द्वारा राज्य स्तरीय पुरस्कार दिया जा चुका है। संस्थान के छात्र को वर्ष 2020 में सर्वश्रेष्ठ दिव्यांग खिलाड़ी का राज्य स्तरीय पुरस्कार प्रदान किया गया। उसने स्पेशल ओलम्पिक में भारत में ही नहीं अपितु अमेरिका एवं आस्ट्रेलिया में भी प्रतिभागिता कर संस्थान का नाम रोशन किया। आज वह मोबाइल पार्टस के व्यवसाय का कार्य कर रहा है। किसी भी कार्य की सफलता उसके उद्देश्य एवं उस कार्य के साथ जुड़े लोगों के निरंतर एवं निःस्वार्थ प्रयासों पर ही निर्भर करती है। इसके लिए हमारी संस्थान की पुनर्वास टीम/स्टाफ जो विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को मुख्यधारा ओर सामाजिक समावेशन सुनिश्चित करने का काम कर रही है। मैं अभिभावकगणों, दानदाताओं, कार्यक्रमों के प्रायोजक, संस्थान की प्रबंधन समति, रोटरी क्लब ऑफ बरेली नार्थ के अध्यक्ष रो. गुलशन अरोरा, सचिव जे. आर. गुप्ता व सभी सदस्य एवं इनरव्हील क्लब की प्रेसीडेण्ट मालती सिंह व समस्त सदस्यागण, मेरे सहयोगियों और मेरे परिवार के सदस्यगण को मैं ह्रदय से धन्यवाद देता हूँ, मैं आशा व्यक्त करता हूँ कि आप सभी का आशीर्वाद व स्नेह इस संस्थान पर भविष्य में यथावत् बना रहेगा। मैं 'लक्ष्य' के सम्पादक और उनकी टीम को भी ह्रदय से आभार प्रकट करता हूँ जिनके प्रयासों से लक्ष्य पत्रिका का प्रकाशन समय पर हो पाया।

(पी०पी० सिंह)

अध्यक्ष

# उ0 प्र0 राज्य सरकार द्वारा संस्थान को प्रदान किये गये राज्य स्तरीय पुरुस्कार











# मीडिया की नजर में



पूजा सेवा संस्थान के दिव्यांग बच्चों ने मनाई लोहड़ी




खास बच्चों ने हुनर से मोहा, उतरे तारे जमीं पर




अमर आनंद




दिव्यांग बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम में दिखायी प्रतिभा




पूजा सेवा संस्थान में मनाया लोहड़ी पर्व स्टूडेंट्स ने जलाई लोहड़ी

हिन्दु

## नेशनल फ्लोरबाल में खेलेंगी इशिका



## पूजा सेवा संस्थान की दिव्यांग छात्रा इशिका ने किया कमाल, यूपी को दिलाया गोल्ड मेडल

अमर आनंद संवाददाता



## रोटरी क्लब ऑफ बरेली नॉर्थ एवं इनर क्लब बरेली न्यू नॉर्थ ने इशिका को किया सम्मानित


अमर आनंद संवाददाता

बरेली। दिल्ली के रोहिणी में खेले गए राष्ट्रीय महिला फ्लोरबॉल चैंपियनशिप में पूजा सेवा संस्थान की इशिका कोयर ने गोल्ड मेडल जीतकर बरेली का नाम रोशन किया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ राजेश शर्मा थे। संस्थान के अध्यक्ष पी पी सिंह ने मुख्य अतिथि को फूलों का गुलदस्ता देकर स्वागत किया।



खुशी जताते हुए संस्थान के अध्यक्ष पी पी सिंह ने कहा कि बौद्धिक दिव्यांग बच्चों को प्यार से सिखाया जाये तो वह बहुत कुछ कर सकते हैं। उन्हे कौशल सीखने के लिए बस थोड़ा और समय चाहिए। सही समर्थन के साथ, दिव्यांग बच्चे स्वतंत्र रूप से और आत्मविश्वास से जीने में सक्षम हो सकते हैं।

## वेरी-वेरी स्पेशल इशिका... आईक्यू 40 और पदक 18



## नेशनल फ्लोर बाल में इशिका ने जीता गोल्ड



## नेशनल फ्लोरबाल चैंपियनशिप मे प्रतिभा दिखाएगी पूजा सेवा संस्थान की इशिका, यू पी टीम से करेगी प्रतिभाग



## गोल्ड मेडल जीतने पर इशिका सम्मानित



## दिव्यांग बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी

**बरेली, अमृत विचार :** गणतंत्र दिवस पर पूजा सेवा संस्थान में दिव्यांग बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुति दी। संस्थान के अध्यक्ष पीपी सिंह ने ध्वज फहराया।

उपाध्यक्ष मालती सिंह, प्रधानाचार्य शशी सागर, सौम्या गुप्ता, प्रज्ञा सक्सेना, सपना शर्मा, ज्योति सिन्हा, नीतू गुप्ता, बेबी भारती, रोटरी क्लब ऑफ बरेली नॉर्थ के अध्यक्ष ... गुलशन ...

## पूजा सेवा संस्थान में धूमधाम से मनाया गया गणतंत्र दिवस



## दिव्यांग बच्चों के साथ खेली फूलों की होली





## पूजा सेवा संस्थान में हर्षोल्लास से मनाया गया बसंत पंचमी पर्व







अमर आनंद

स्कूलों में मनाया मदर्स डे, बच्चों ने कागजों पर उकेरा मां के प्रति प्यार, माताओं को किया सम्मानित

विदेशों में भी नाम रोशन कर रहे दिव्यांग

पूजा सेवा संस्थान में दिव्यांग प्रकोष्ठ जिला सम्मेलन संपन्न

## दिव्यांग बच्चों को दिखाई फिल्म श्रीकांत

बरेली, अमृत विचार : पूजा सेवा संस्थान ... दिव्यांग बच्चों को समर कैंप के आखिरी ... बुधवार को श्रीकांत फिल्म दिखाई गई। ... फिल्म दृष्टिबाधित उद्योगपति श्री कांत ... के जीवन संघर्ष पर आधारित है। ... के अध्यक्ष पीपी सिंह ने बताया कि ... में दिव्यांगजनों को लेकर यह मानना ... वे अपनी जिंदगी में कुछ असाधारण नहीं कर सकते हैं। यह फिल्म उनकी ... को बदलती है। अमित सेठी, ... अरोरा, राखी सागर, प्रज्ञा सक्सेना, ... कविता अरोरा, बेबी भारती, ज्योति सिन्हा, नीतू गुप्ता मौजूद रहीं।

समर कैंप के आखिरी दिन बुधवार को दिव्यांग बच्चों ने देखी फिल्म।

## दिव्यांग बच्चों ने देखी श्रीकांत फिल्म

बरेली। पूजा सेवा संस्थान के दिव्यांग बच्चों ने समर कैंप के आखिरी दिन श्रीकांत फिल्म देखी। यह फिल्म एक दृष्टिबाधित भारतीय उद्योगपति और बुलेट इंडस्ट्रीज के संस्थापक श्री कांत बोल्ला के जीवन संघर्ष, उनकी सफलता की ...

न्यूज़ सवेरा

पूजा सेवा संस्थान में रखे सकोरे

# पूजा सेवा संस्थान में 30 दिव्यांगजनो के दांतों का निरूशुल्क चेकअप





## दिव्यांग 30 बच्चों के दांतों का निशुल्क परीक्षण



## रोटरी क्लब ऑफ बरेली नॉर्थ ने मनाया मैंगो डे



प्राप्त हो सके।

## रोटरी क्लब ऑफ बरेली नॉर्थ ने मनाया बौद्धिक दिव्यांग बच्चों के साथ मैंगो डे

**अमर आनंद संवाददाता**


बरेली। रोटरी क्लब ऑफ बरेली नॉर्थ ने स्पेशल स्कूल पूजा सेवा संस्थान के सभी बौद्धिक रूप से दिव्यांग बच्चों को मीठे दशहरी आम खिलाकर मैंगो डे मनाया। जहाँ पर खूब जमकर रसदार और स्वादिष्ट आमों का आनंद लिया। संस्थान की उपाध्यक्षा मालती सिंह, प्रधानाचार्या एवं संस्थान का स्टाफ भी बच्चों के साथ रसीले आमों का जमकर लुत्फ उठाया। मैंगो डे सेलिब्रेशन एक फन एक्टिविटी होने के साथ बौद्धिक दिव्यांग बच्चों में लैंग्वेज डेवलपमेंट का माध्यम बना। रसीले आमों को पी पी सिंह के बर्ड्स गार्डन से मंगवाया गया था। इस अवसर पर अध्यक्ष पी पी सिंह के साथ रोटरी क्लब ऑफ बरेली नॉर्थ के नवनिर्वाचित अध्यक्ष गुलशन अरोरा और सचिव जे.आर गुप्ता एवं पूर्व अध्यक्ष राजेश सेठ भी मौजूद रहे।



## शिविर में दिव्यांगों के दांतों की जांच की



## दिव्यांग बच्चों ने धूमधाम से मनाया हरियाली तीज महोत्सव





## दिव्यांग बच्चों के साथ मनाया महोत्सव



बरेली। इनरव्हील क्लब ऑफ बरेली न्यू नॉर्थ ने पूजा सेवा संस्थान के दिव्यांग बच्चों के साथ तीज महोत्सव मनाया। क्लब की ओर से अध्यापिकाओं तथा बच्चों के लिए मेहंदी प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि शीतल मुलाटी को भी सम्मानित किया गया। क्लब की अध्यक्ष मालती सिंह, मंजुला खंडेलवाल सहित पूर्व सेक्रेटरी ...

## दिव्यांग बच्चों के साथ मनाया तीज महोत्सव



बरेली, अमृत विचार : इनरव्हील क्लब ऑफ बरेली न्यू नॉर्थ ने बुधवार को पूजा सेवा संस्थान के दिव्यांग बच्चों के साथ हरियाली तीज महोत्सव मनाया। विशिष्ट अतिथि शीतल मुलाटी ने बताया कि 28 जुलाई को जयपुर में आयोजित मिस टीन इंडिया 2024 का खिताब उनकी बेटी सहज मुलाटी ने जीतकर बरेली का नाम रोशन किया है। मेहंदी प्रतियोगिता में शिक्षिकाओं और बच्चों ने भाग लिया। इसके अलावा बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। क्लब की अध्यक्ष मालती सिंह ने कहा कि इस प्रकार के उत्सवों से बच्चे भारतीय संस्कृति से परिचित होते हैं। मंजुला खंडेलवाल,

## दिव्यांग बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए



बरेली, अमृत विचार : जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में पूजा सेवा संस्थान में शनिवार को दिव्यांग बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। लड्डू गोपाल का जन्मदिन मनाया। आरती कर भोग लगाया गया। बच्चों में प्रसाद वितरित किया गया। संस्थान के अध्यक्ष पीपी सिंह, नरेंद्र कोहली, राखी सागर, जेआर गुप्ता, राष्ट्रीय मानव सेवा संस्थान की राष्ट्रीय अध्यक्ष बिंदु, राष्ट्रीय महामंत्री नरेंद्र पाल और शिक्षिकाओं का सहयोग रहा।

## दिव्यांग बच्चों के साथ खेली फूलों की होली





# हैंडबॉल चैंपियनशिप में अंकित मूसा, अर्पण ने जीता रजत पदक



राज्य स्तरीय हैंडबॉल चैंपियनशिप में मेडल जीतने वाले बच्चे। ● अमृत विचार

**बरेली, अमृत विचार:** पूजा सेवा संस्थान के अंकित गंगवार, अर्पण शर्मा और मूसा हारून ने राज्य स्तरीय हैंडबॉल प्रतियोगिता में रजत पदक जीता है। प्रशासनिक इंचार्ज ऋषि सक्सेना ने बताया कि दो दिवसीय प्रतियोगि... 7 और 8 सितंबर को ... भीमराव ... में हुई ... श के ... के ... ने ... जाए ... क चेयरमैन ... टरी गवर्नर पीपी सिंह और प्रधानाचार्या राखी सागर ने शुभकामनाएं दीं। संस्थान की उपाध्यक्ष मालती सिंह कहा कि नेशनल चैंपियनशिप में स्पेशल बच्चे बेहतर प्रदर्शन करेंगे। बच्चों को प्रशिक्षित करने में संस्थान की योगा टीचर कविता अरोड़ा की प्रशंसा की गई।

## वरिष्ठ नागरिकों ने बच्चों को खिलौने और किताबें बांटी



## रोटरी क्लब ऑफ बरेली नॉर्थ ने स्पेशल बच्चों को डायरी बांटी



**बरेली, अमृत विचार :** रोटरी क्लब ऑफ बरेली नॉर्थ ने पूजा सेवा संस्थान के स्पेशल बच्चों को डायरी वितरित की। मुख्य अतिथि पूर्व रोटरी गवर्नर एसेएस ... अग्रवाल और इनरव्हील की पूर्व अध्यक्ष प्राची अग्रवाल ने डायरी का विमोचन किया। मुख्य अतिथि ने संस्थान को हर संभव मदद करने का आश्वासन भी दिया। इसके अलावा रोटरी क्लब ऑफ बरेली नॉर्थ का बुलेटिन भी विमोचन किया गया। इस कार्यक्रम में पूर्व रोटरी गवर्नर पीपी सिंह, गुलशन अरोरा, जेआर गुप्ता, राजेश सेठ, हरि बाबू खंडेलवाल, इनरव्हील की प्रेसिडेंट मालती सिंह, श्यामा अरोरा, रमा रानी व अन्य मौजूद रहीं।

## राज्य स्तरीय हैंडबॉल चैंपियनशिप में बरेली की टीम ने जीता रजत

**बरेली।** आगरा के डॉ. भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय में दो दिवसीय उत्तर प्रदेश स्पेशल ओलंपिक प्रतियोगिता में शहर के स्पेशल बच्चों की टीम ने रजत पदक हासिल किया।

पूजा सेवा संस्थान के प्रशासनिक इंचार्ज ऋषि सक्सेना ने बताया कि आगरा में सात व आठ सितंबर को आयोजित राज्य स्तरीय हैंडबॉल प्रतियोगिता में संस्थान के अंकित गंगवार, अर्पण शर्मा व मूसा हारून ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में प्रदेश के 14 जनपदों के 182 बौद्धिक दिव्यांग बच्चों ने प्रतिभाग किया। इसमें हैंडबॉल बालक वर्ग ग्रुप बी में इटावा ने स्वर्ण, बरेली ने रजत व मथुरा ने कांस्य पदक जीता।

इस उपलब्धि पर चेयरमैन पीपी सिंह, प्रधानाचार्य राखी सागर, मालती सिंह, कविता अरोड़ा आदि ने बधाई दी। संवाद




# 12th Annual Function

पूजा सेवा संस्थान का 12वां वार्षिकोत्सव ''तारे जमीं पर'' आयोजन आईएमए हॉल में सम्पन्न हुआ। स्पेशल बच्चों की प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वन एवं पर्यावरण मंत्री डॉ. अरूण कुमार विशिष्ट अतिथि सांसद संतोष गंगवार, विधायक संजीव अग्रवाल उपस्थित थे। इस अवसर पर संस्थान की स्मारिका ''लक्ष्य'' का विमोचन भी मुख्य अतिथि द्वारा किया गया।




## तारे जमीं पर 2023













क्रिसमस का त्यौहार प्यार, खुशी और आशा का प्रतीक है। यह दिन हमें एक दूसरे के साथ मिलकर खुशियाँ बाँटने, साथ रहने और अपार प्रेम का अनुभव करने का अवसर देता है। इस क्रिसमस पर, हम सभी के जीवन में सुख, समृद्धि और शांति का वास हो। संस्थान में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी क्रिसमस का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों को उपहार चॉकलेट एवं मिठाईया बांटी गई।








लोहड़ी के दिन लोग एक बड़े अलाव (अग्निकुंड) के चारों ओर इकट्ठा होते हैं और इस अग्नि में तिल, गुड़, मूंगफली, रेवड़ी और मक्खन डालते हैं। यह माना जाता है कि आग को अर्पित किए गए ये पदार्थ अच्छाई, समृद्धि और सुख-शांति की प्राप्ति का प्रतीक हैं। लोग एक दूसरे को लोहड़ी की शुभकामनाएं देते हैं, और साथ में गाते-गाने और नाचते हैं। संस्थान में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी लोहड़ी उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया।

# HAPPY 75TH REPUBLIC DAY

संस्थान में 75वां गणतंत्र दिवस बच्चों द्वारा धूम धाम से मनाया गया। इस दौरान स्पेशल बच्चों द्वारा कई सांस्कृतिक रंगारंग कार्यक्रम कर लोगो को देश भक्ति का संदेश दिया इस अवसर पर रोटरी क्लब ऑफ बरेली नॉर्थ के पदाधिकारीगण भी बच्चों के साथ उपस्थित रहे।

झंडारोहण पूर्व रोटरी गवर्नर पी. पी. सिंह द्वारा किया गया।







पूजा सेवा संस्थान में ज्ञान दायिनी माँ सरस्वती के प्रादुर्भाव दिवस बसंत पंचमी उल्लास पूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर संस्थान के चेयरमैन पी. पी. सिंह ने कहा कि बसंत की पंचमी तिथि एवं ऋतुराज बसंत का पीले रंग से गहरा संबंध है, पीला रंग दिमाग को सक्रिय रखने के साथ ही मानसिक अवसाद को दूर करता है जिसके फलस्वरूप मस्तिष्क में उठने वाली तरंगे खुशी का एहसास कराती है। सर्वप्रथम माँ सरस्वती की माल्यार्पण कर सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम का आगाज़ किया गया। इस दिन का उद्देश्य, सृष्टि में नव चेतना और नव निर्माण के कारण हुए आनंद को व्यक्त करने तथा वाणी की अधिष्ठात्री देवी सरस्वती की प्रार्थना का बहुत महत्व है। वह विद्या, बुद्धि और ज्ञान की देवी हैं।

# HAPPY BASANT PANCHAMI



# उ0 प्र0 दिव्यांग प्रकोष्ठ जिला सम्मेलन







**14 मार्च 2024** को भारतीय जनता पार्टी दिव्यांग प्रकोष्ठ बरेली महानगर का जिलास्तरीय सम्मेलन पूजा सेवा संस्थान में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री एवं सांसद श्री संतोष गंगवार जी रहे। संस्थान के चेयरमैन श्री पी. पी. सिंह जी ने बताया, कि प्रदेश सरकार और केंद्र सरकार ने मिलकर देश और प्रदेश में दिव्यांग जनों के हितों के विकास और उनके कल्याण की अनेक योजनाएं चला रखी हैं अकेले उत्तर प्रदेश की कुल आबादी का लगभग 4% दिव्यांग है दिव्यांग प्रकोष्ठ के क्षेत्रीय संयोजक अमित शर्मा ने बताया कि दिव्यांग प्रकोष्ठ के द्वारा सभी जनपदों में जिला सम्मेलन संपन्न कराए जा चुके हैं आज इस क्रम में बरेली महानगर का जिला सम्मेलन पूजा सेवा संस्थान में हो रहा है। ।

# Happy Holi









स्पेशल बच्चों के जन्मदिवस के अवसर पर संस्थान की ओर से केक काटकर उपहार प्रदान किया जाता है। संस्थान के चेयरमैन भी प्रत्येक वर्ष अपना जन्मदिन बच्चों के साथ मनाते है।









# संस्था का परिचय

संसार के सुख दु:ख से दूर, ईश्वर की तरह सत्य की राह पर चलते यह मानसिक रूप से निशक्त बच्चे अक्सर अपनी निशक्ता के कारण घर पर जन्मदाता की ही उपेक्षा का शिकार हो जाते हैं और उन्हें बोझ समझा जाता हैं, क्योंकि अपना कोई भी कार्य करने के लिए उन्हें किसी न किसी पर निर्भर रहना पड़ता है। समाज के ऐसे तमाम (दिव्यांग) मेन्टली चैलेन्जड बच्चों को आत्मनिर्भर बनाने व इन्हें समाज की मुख्य धारा में शामिल करने का संकल्प 03 मई, 2010 को पूजा सेवा संस्थान की स्थापना के साथ लिया गया। संस्थान में बच्चों की मानसिक क्षमता व शारीरिक क्षमता का विकास करने हेतु विशेष प्रशिक्षण प्राप्त शिक्षिकाओं की नियुक्ति की गयी एवं उनके द्वारा कुशलतापूर्वक बच्चों को प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। मात्र पाँच बच्चों के प्रवेश के साथ शुरू हुआ मानसिक रूप से मंदित बच्चों की इस संस्था में 44 बच्चों को एक सफल और सशक्त जीवन जीने का प्रशिक्षण शिक्षिकाओं द्वारा दिया आ रहा है। दस वर्षो में ही संस्था ने कई नये आयामों का छूने का प्रयास किया है। संस्था के संस्थापक पूर्व रोटरी गवर्नर रो0 पी0पी0 सिंह व उनकी पत्नी व उनकी धर्मपत्नी इनरव्हील क्लब बरेली न्यू नार्थ की पूर्व अध्यक्षा श्रीमती मालती देवी पूरे समर्पित भाव से संस्था को एक ऊँचे मुकाम पर पहुँचाने के लिए लगातार प्रयासरत है। वर्ष 2015 में विश्व विकलांग दिवस के अवसर पर संस्थान को राज्य स्तरीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

संस्था के चेयरमैन पी0पी0 सिंह को भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के राष्ट्रीय न्यास में दूसरी बार बोर्ड के सदस्य चुने गये। संस्था द्वारा राष्ट्रीय न्यास के माध्यम से इन दिव्यांग बच्चों के हैल्थ के बीमा निरामय स्कीम के तहत करवाये जाते है।

संस्था द्वारा इस अल्प समयावधि में बच्चों के अन्दर छुपी प्रतिभा को जागृत किया गया इसी संदर्भ में संस्था का एक बच्चा अर्पण शर्मा जिसने अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर संस्था का नाम उजागर किया। सर्वप्रथम उसने स्पेशल ओलम्पिक ''एशिया पेसेफिक आस्ट्रेलिया'' में 200 मीटर की दौड़ में रजत पदक हासिल किया तथा अमेरिका के लॉस एंजिल्स में स्पेशल ओलम्पिक समरगेम्स में पावर लिफ्टिंग में चौथा स्थान प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त विभिन्न राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर के खेलों में भी पदक प्राप्त किये। संस्था की उ0प्र0 के साथ-साथ भारतवर्ष में अपनी एक अलग पहचान है।

# संस्था के उद्देश्य

- दिव्यांग (मेन्टली चैलेन्जड) बच्चों को शिक्षित-प्रशिक्षित कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना एवं उनमें आत्मविश्वास को जागृत कर उन्हें जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा देना है।
- बच्चों के अभिभावकों एवं समाज को जागरूक करना ताकि वह इन बच्चों को इस समाज की धारा से अलग न समझकर इसका एक अभिन्न अंग समझकर उनके साथ एक समानता का व्यवहार करें।
- संस्थान द्वारा समय-समय पर प्रचार-प्रसार के माध्यम से समाज में संस्थान की गतिविधियों से समाज को अवगत कराना जिससे कि कोई भी दिव्यांग (मेन्टली चैलेन्जड) बच्चा इस शिक्षण-प्रशिक्षण से वंचित न रहने पाये।

# संस्था की विशेषतायें

1. नीति आयोग, नेशनल ट्रस्ट भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश शासन द्वारा पंजीकृत संस्था
2. स्पीच थैरेपी व फिजियोथैरेपी की व्यवस्था
3. संगीत विधाओं के प्रशिक्षण की व्यवस्था
4. स्पेशल एजुकेशन एवं आई0 क्यू0 टैस्ट द्वारा बच्चों के मानसिक स्तर का पता कर प्रशिक्षित करना
5. बच्चों के शारीरिक विकास हेतु जिम की सुविधा।
6. कम्प्यूटर प्रशिक्षण
7. हस्तशिल्प (क्राफ्ट) प्रशिक्षण
8. एक्यूप्रेशर एवं नैचुरल थैरेपी की व्यवस्था
9. विभिन्न खेल-कूदों का आयोजन करना
10. समय-समय पर पिकनिक का आयोजन
11. समय-समय पर कुशल चिकित्सकों द्वारा बच्चों का दन्त, नेत्र एवं स्वास्थ्य परीक्षण करवाना।
12. अभिभावकों एवं शिक्षकों की मासिक बैठक का आयोजन
13. संस्थान में समय-समय पर देश व विदेश के प्रभावी महानुभावों द्वारा भ्रमण।
14. बच्चों के जन्मदिवस पर उन्हें उपहार प्रदान करना।
15. निरामय बीमा योजना के अन्तर्गत बच्चों का स्वास्थ्य बीमा करवाना।
16. समय-2 पर दिव्यांग प्रमाण पत्र बनवाने हेतु कैम्प का आयोजन करना
17. समय-2 पर अभिभावकों हेतु वर्कशाप का आयोजन करना
18. आयकर विभाग से 12AA के अन्तर्गत छूट हेतु अधिकृत।

# उपलब्धियाँ

स्पेशल ओलम्पिक्स में बच्चों की लगातार सहभागिता व संस्थान के एक बच्चे का अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर स्पेशल ओलम्पिक्स विश्व खेल, लॉस एजिंल्स, अमेरिका व आस्ट्रेलिया में प्रतिभागिता।

दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय महिला फ्लोरबॉल चैंपियनशिप में संस्थान की छात्रा को गोल्ड मैडल एवं आगरा में आयोजित राज्य स्तरीय हैण्डबॉल चैम्पियनशिप में संस्थान के बच्चों को सिल्वर मैडल प्राप्त हुआ ।

संस्थान के सभी दिव्यांग बच्चों का यूनीक डिसएबिलिटी आई. डी.कार्ड व रेलवे पास उपलब्ध कराये जाने हेतु समय-समय पर कैम्प व अभिभावकों के लिये जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन ।

०३ दिसम्बर २०२४ संस्थान के छात्र अर्पण शर्मा को महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू द्वारा सर्वश्रेष्ठ दिवयांग को राष्ट्रीय पुरुस्कार प्रदान किया गया।

**संतोष कुमार गंगवार**
राज्यपाल, झारखण्ड

राज भवन, रांची- 834001
झारखण्ड
दूरभाष : 0651-2283465

# "शुभकामना संदेश"



यह अत्यन्त प्रसन्नता का विषय है कि पूजा संवा संस्थान द्वारा प्रत्येक की भाँति इस वर्ष भी अपने वार्षिकोत्सव का आयोजन अत्यन्त हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है तथा इस अवसर पर स्मारिका 'लक्ष्य' के 12वें संस्करण का प्रकाशन किया जा रहा है।

प्रसन्नता है कि संस्थान के संस्थापक अध्यक्ष एवं रोटरी के पूर्व गवर्नर श्री पी. पी. सिंह के कुशल मार्गदर्शन में दिव्यांग बच्चों के जीवन में आत्मनिर्भरता और आत्मविश्वास का संचार करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। संस्थान के बच्चों ने राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के 'स्पेशल ओलम्पिक' में अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर न केवल बरेली, सम्पूर्ण राष्ट्र का गौरव बढ़ाया है। इसके साथ ही, उ0 प्र0 सरकार द्वारा संस्थान को प्राप्त तीन राज्य स्तरीय पुरस्कार इसकी उत्कृष्टता को दर्शाता है। मैं पूजाा सेवा संस्थान के इस अनुकरणीय प्रयास की सराहना करता हूँ ओर स्मारिका 'लक्ष्य' के प्रकाशन एवं वार्षिकोत्सव की सफलता के लिए अपनी हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित करता हूँ।

प्रतिष्ठा में:-
**श्री मोहित खन्ना**
'सचिव'
पूजा सेवा संस्थान (रजि.)
बरेली।

(सन्तोष कुमार गंगवार)

**बी. एल. वर्मा**

राज्य मंत्री
उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण
एवं सामाजिक न्याय और अधिकारिता
भारत सरकार

सत्यमेव जयते



# शुभकामना संदेश

25-11-2024

**प्रिय पी.पी. सिंह जी,**

मुझे यह जानकर अत्यधिक प्रसन्नता हुई कि पूजा सेवा संस्थान निरंतर 14 वर्षो से बौद्धिक रूप दिव्यांग बच्चों को आत्मनिर्भर बनाने हेतु जो सेवा प्रदान कर रही है, एक सराहनीय कार्य है। संस्थान द्वारा आगामी 15 दिसंबर को 12वें वार्षिकोत्सव को ''तारे जमीं पर'' तो कार्यक्रम किया जा रहा है, मैं उसके लिए आपको एवं संस्थान के समस्त सदस्यों को हृदयी शुभकामनाएँ प्रदान करता हूँ। इस अभूतपूर्व कार्यक्रम के लिए जो आपके संस्थान द्वारा मुझे मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रण प्रदान किया गया है, मैं उसका सदैव आभारी रहूंगा।

चूंकि संबधित विभागों एवं पार्टी नेतृत्व द्वारा पूर्व निर्धारित कार्यक्रमों में व्यस्त रहने के कारण मैं आपके इस कार्यक्रम में सम्मिलित नहीं हो संकूगा। मेरी ओर से आपको एवं संस्थान के सदस्यों तथा कार्यक्रम के आयोजकों को बहुत–बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं।

सधन्यवाद,

भवदीय

(बी. एल. वर्मा)

प्रतिष्ठा में:–
**श्री मोहित खन्ना**
'सचिव'
पूजा सेवा संस्थान (रजि.)
बरेली।

**डा. अरूण कुमार**
राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
वन, पर्यावरण, जन्तु उद्यान एवं
जलवायु परिवर्तन विभाग (उ.प्र.)

कक्ष संख्या -एफ ब्लाक 1/2
प्रथम तल, बापू भवन,
उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ
कार्यालय : 0522-2235740
सी. एच. : 0522-2214800

# ''शुभकामना संदेश''

15 नवम्बर 2024



मुझे यह जानकर अत्यन्त प्रसन्नता है कि पूजा सेवा संस्थान, जो कि बौद्विक दिव्यांग बच्चों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए हमेशा से ही प्रयासरत रही है। आपका यह प्रयास समाज को बहुत ही सकारात्मक विचार प्रदान करता है। समय-समय पर आपकी संस्था द्वारा कार्यक्रमों का आयोजन होता रहा है। जिसमें बच्चों को सिखाई हुई पेंटिंग, डांइग, नृत्य, गायन, कुकिंग, हस्तशिल्प आदि कलाए सिखाई जाती है।

विगत वर्ष की भाँति इस वर्ष भी आपकी संस्था पूजा सेवा संस्थान द्वारा दिनांक 15 दिसम्बर 2024 को वार्षिकोत्सव आयोजित किया जा रहा है। जिसमें स्मारिका लक्ष्य के 12वें संस्करण का प्रकाशन किया जा रहा है।

मुझे आशा है कि संस्थान के द्वारा चलाये जा रहे उत्कृष्ट कार्य दिव्यांग विक्षिप्त बच्चों, उनके अभिभावकों को जीवन को देखे-जीने का एक नया नजरिया प्रदान करने के साथ ही समाज को नई दिशा की ओर अग्रसर कर रहे है और विशेषकर युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बन रहे है।

वार्षिकोत्सव की सफलता हेतु मैं अपनी हार्दिक शुभकामनाओं के साथ इस अवसर पर प्रकाशित हो रही स्मारिका लक्ष्य की भी अपार सफलता हेतु अपनी शुभकामनाऐ दान करता हूँ।

हार्दिक शुभकामनाओं सहित!

प्रतिष्ठा में:-
**श्री मोहित खन्ना**
'सचिव'
पूजा सेवा संस्थान (रजि.)
बरेली।

(डॉ अरूण कुमार)

**छत्रपाल सिंह गंगवार**
**सांसद**
**25, लोकसभा, बरेली**

आवास/कैम्प कार्यालय
4ए प्रगति नगर सुर्खा
बरेली
मो0 – 9415607327



# शुभकामना संदेश

19-11-2024

मुझे यह जानकर हर्ष हुआ है, कि पूजा सेवा संस्थान गित 14 वर्षो से बौद्धिक दिव्यांग बच्चों को आत्मनिर्भर बनाने हेतु प्रयासरत् है। संस्थान के बच्चों द्वारा राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर स्पेशल ओलम्पिक में अपनी प्रतिभा का श्रेष्ठ प्रदर्शन बरेली ही नहीं अपितु प्रदेश के साथ–साथ भारत वर्ष का गौरव बढाने का कार्य किया है।

पूजा सेवा संस्थान को उत्तर प्रदेश सरकार से 03 राज्य स्तरीय पुरस्कार प्राप्त हो चुके है। प्रत्येक वर्ष के भांति इस वर्ष भी संस्थान की स्मारिका ''लक्ष्य'' के 12वें संस्करण का प्रकाशन किया जा रहा है। मैं स्मारिका की सफल प्रकाशन की मंगल कामना करते हुये पत्रिका के सम्पादक मण्डल, लेखको और पाठकों को हार्दिक शुभकामनायें प्रेषित करता हूँ।

धन्यवाद,

छत्रपाल सिंह गंगवार
सांसद
25, लोकसभा, बरेली

प्रतिष्ठा में:–
**श्री मोहित खन्ना**
'सचिव'
पूजा सेवा संस्थान (रजि.)
बरेली।

# संजीव अग्रवाल

विधायक : 125 कैन्ट बरेली (भारतीय जनता पार्टी)

प्रदेश सह कोषाध्यक्ष : भारतीय जनता पार्टी, उत्तर प्रदेश


दिनांक : 9.11.2024



मुझे यह जानकर अत्यन्त प्रसन्नता है, कि पूजा सेवा संस्थान (रजि0) अपना 12वां वार्षिकोत्सव मना रहा है। गौरव का विषय है कि पूर्व रोटरी गर्वनर, एवं बोर्ड सदस्य नेशनल ट्रस्ट एवं राज्य दिव्यांगजन सलाहकार बोर्ड (उ.प्र.) व संस्था के चेयरमैन श्री पी. पी. सिंह के दिशा निर्देशन में बौद्धिक दिव्यांग बच्चों को आत्मनिर्भर बनाने एवं विशेष शिक्षा केन्द्र के रूप में कार्य कर रहा है। संस्था के द्वारा किये गये समाज सेवा के कार्यों की प्रशंसा करता हूँ।

पूजा सेवा संस्थान को उत्तर प्रदेश सरकार से 03 राज्य स्तरीय पुरूस्कार प्राप्त हो चुके है। आगामी 15 दिसम्बर 2024, को आयोजित होने वाले वार्षिक उत्सव एवं संस्थान की स्मारिका ''लक्ष्य'' सफलता के लिए अपनी शुभकामनाये प्रेषित करता हूँ।

प्रतिष्ठा में:-

**श्री मोहित खन्ना**

'सचिव'

पूजा सेवा संस्थान (रजि.)

बरेली।

संजीव अग्रवाल

# शुभकामना संदेश



मुझे यह जानकर अत्यन्त हर्ष हो रहा है कि गत वर्षो की भाँति इस वर्ष भी पूजा सेवा संस्थान द्वारा वार्षिकोत्सव दिनांक 15 दिसम्बर 2024 को हर्षोउल्लास के साथ मनाया जा रहा है।

पूजा सेवा संस्थान द्वारा बौद्धिक दिव्यांग बच्चों को प्रशिक्षण प्रदान कर आत्मनिर्भर बनाने का कार्य किया जा रहा है। ताकि वे अपने दैनिक कार्य को कुशलतापूर्वक सम्पन्न कर सके साथ ही उनके परिवार के सदस्यों के प्रति उनमें सम्मान की भावना उत्पन्न हो सके। संस्थान के सभी सदस्यगण द्वारा रोटरी क्लब नार्थ, तथा इनरव्हील क्लब न्यू नार्थ बरेली एवं विद्यालय के समस्त शिक्षकों/शिक्षिकाओं/कर्मचारियों के अथक प्रयासों के लिये कोटि-कोटि शुभकामनायें देती हूँ। पूजा सेवा संस्थान द्वारा वार्षिकोत्सव के शुभ अवसर पर संस्थान की स्मारिका लक्ष्य के 12वें संस्करण के सफल प्रकाशन के लिये कोटि-कोटि नमन करती हूँ।

भवदीया

**रश्मि पटेल**

अध्यक्ष

जिला पंचायत, बरेली।

**रविन्द्र कुमार**

आई.ए.एस.

जिलाधिकारी, बरेली



(कार्यालय 0581-2473303

0581-2457043

(निवासी) 0581-2557147

0581-2558764

फैक्स : 0581-2557001

मोबाइल : 9454417524

अ० शा० प० सं०..............


# संदेश



हर्ष का विषय है कि प्रत्येक वर्ष की भाति इस वर्ष भी पूजा सेवा संस्थान द्वारा वार्षिकोत्सव कार्यक्रम दिनांक 15 दिसम्बर 2024 को आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर संस्थान की स्मारिका ''लक्ष्य'' के 12वें संस्करण का प्रकाशन भी किया जाएगा। यह उल्लेखनीय है कि पूजा सेवा संस्थान के अध्यक्ष एवं रोटरी के पूर्व मण्डलाध्यक्ष श्री पी.पी. सिंह के दिशा-निर्देशन में संस्था निरन्तर प्रगति के पथ पर अग्रसर है एवं दिव्यांगजन बच्चों को आत्मनिर्भर बनाने में संस्थान के समस्त सदस्यगण निरन्तर प्रयासरत् है।

मेरी ओर से उक्त पत्रिका के प्रकाशन पर हार्दिक शुभकानाए।

(रविन्द्र कुमार)

श्री मोहित खन्ना

सचिव,

पूजा सेवा संस्थान (रजि0)

1-राजीव कुंज कॉलोनी,

इज्जतनगर थाने के पीछे,

बरेली।

# Happy Mohthers Day





पूजा सेवा संस्थान में आज बच्चों ने अपने अपने तरीको से माँ के प्रति प्यार जताया, संस्थान ने भी उपस्थित पूजा सिंह, पारस जौहरी, काव्या गोस्वामी, मुस्कान सूरी, प्रतीक शर्मा, साक्षी कनौजिया, अविरल सक्सेना तथा मो मूसा की माताओं का सम्मान करके इस मौके को और खास बना दिया। संस्थान के चेयरमैन एवं पूर्व रोटरी गवर्नर पी पी सिंह ने मातृ दिवस के अवसर पर बच्चों को माँ के त्याग और ममता के बारे में बताया और सभी से माँ का सम्मान करने का आह्वान किया।

# SUMMER CAMP

पूजा सेवा संस्थान में दिव्यांग बच्चों के लिए समर कैंप का शुभारंभ मंडलीय पर्यावरण अधिकारी रोहित सिंह सचान ने किया। बच्चों को योगा, अन्य गतिविधियों जैसे खेलकूद, डांस, कुकिंग, आर्ट/क्राफ्ट तथा बच्चों को शैक्षिक भ्रमण कराया गया। समर कैंप में बच्चों के शारीरिक, रचनात्मक और बौद्धिक विकास के साथ-साथ उनके अंदर छिपी हुई प्रतिभाएं को निखारने का प्रयास कर रहे हैं, जिससे कि उन्हें प्रोत्साहन मिल सके। इस मौके पर संस्थान के अध्यक्ष पी. पी. सिंह, मालती सिंह, रोटरी क्लब बरेली नॉर्थ के अध्यक्ष राजेश सेठ थे।















# भ्रमण
















# Co-Curricular Activities





विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य पर पूजा सेवा संस्थान के अपूर्व रस्तोगी, अनन्य रस्तोगी, रुद्रांश शर्मा, सायांश बत्रा, अर्पण शर्मा, पूजा सिंह, मूसा हारून, अंशिका यादव, अंकित गंगवार, पारस जौहरी, प्रतीक शर्मा, सृष्टि कनौजिया, वेशु, तनिष्क गंगवार तथा साक्षी पाल ने पर्यावरण पर फिल्मायी गई Ina Nutriveda Creations द्वारा प्रस्तुत शॉर्ट फिल्म अगस्त्या SPECIAL ARE VERY SPECIAL में अपना रोल निभाया था। 05 जून 2024 को IMA के सभागार फिल्म को रिलीज किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि, पर्यावरण राज्य मंत्री मा.अरुण कुमार सक्सेना तथा विशिष्ट अतिथि महापौर डॉ. उमेश गौतम, फ़िल्म की प्रोड्यूसर डॉ इना मिश्रा कुलश्रेष्ठ के साथ पूर्व रोटरी गवर्नर पी. पी. सिंह व डॉ राजेश अग्रवाल, डॉ प्रमेन्द्र माहेश्वरी ने संस्थान के बच्चों ने उक्त फिल्म में अपना रोल निभाया उनको विशेष रूप से सम्मानित किया गया। सभी अभिवावकगण एवम् बच्चे कार्यक्रम में मौजूद थे।





# WORLD Environment DAY

# INTERNATIONAL YOGA DAY







विश्व पर्यावरण दिवस, जो हर साल 5 जून को मनाया जाता है, पृथ्वी के पर्यावरण के प्रति हमारी जिम्मेदारी को समझाने और इसके संरक्षण के लिए वैश्विक जागरूकता बढ़ाने का एक महत्वपूर्ण अवसर है। इस दिन का उद्देश्य प्राकृतिक संसाधनों के अत्यधिक उपयोग और पर्यावरणीय समस्याओं जैसे जलवायु परिवर्तन, वनों की कटाई, वायु प्रदूषण और जैव विविधता की हानि के बारे में लोगों को जागरूक करना है। **संस्थान में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया।**







अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस हर साल 21 जून को मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य दुनिया भर में योग के महत्व और इसके शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक लाभों के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। योग एक प्राचीन भारतीय विज्ञान है, जो शारीरिक व्यायाम, श्वास नियंत्रण, ध्यान और आत्म-ज्ञान के माध्यम से शरीर और मन को स्वस्थ और संतुलित बनाता है। **पूजा सेवा संस्थान में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया।**









# आई. क्यू. टेस्ट

बच्चों की तर्कशक्ति समस्या समाधान क्षमता, भाषा कौशल और अन्य मानसिक कौशलों तथा ज्ञान के स्तर का मापन एवं अभिभावकों को परामर्श देती संस्थान की क्लीनिकल साइक्लोजिस्ट।









# Dental Checkup Camp

रोटरी क्लब ऑफ बरेली नॉर्थ द्वारा पूजा सेवा संस्थान में **अरोग्यम** मेगा हेल्थ चेकअप प्रोजेक्ट के अंतर्गत दिव्यांगजनो के लिए दातून डेंटल केयर से डॉ सौरभ रस्तोगी एवं डॉ सोनिया रस्तोगी के द्वारा **30 बच्चों** का निःशुल्क दांतों का गहनता से परीक्षण कर टिप्स दिये गए।













## MEDICAL CHECKUP






संस्थान के स्पेशल बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण करते डा. विपिन कुमार धस्माना।







# art n CRAFT

"Every child is an artist. The problem is how to remain an artist once we grow up."





रोटरी क्लब बरेली नार्थ के सहयोग से **Da** लिफ़ाफ़ा की टीम ने संस्थान मैं ड्राइंग प्रतियोगिता का आयोजन किया।मुख्य अतिथि पूर्व रोटरी गवर्नर पी पी सिंह रहे। डॉ उषा गर्ग, कार्टूनिस्ट सैफ़, इनरव्हील वेस्ट की **Past President** चारू अग्रवाल उपस्थिति रहे।











# 15 AUGUST
# INDEPENDENCE DAY CELEBRATION








Raksha
Bandhan
रक्षाबंधन
पूजा सेवा संस्थान में इनर व्हील क्लब ऑफ बरेली न्यू नौर्थ के सहयोग से रक्षाबंधन का त्योहार हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। संस्थान के अध्यक्ष एवं पूर्व रोटरी गवर्नर पी पी सिंह ने रक्षा बंधन पर्व की बधाई देते हुए पर्व की महत्ता पर विस्तार से प्रकाश डाला, और बताया कि यह त्योहार भाई बहन के आपसी प्रेम को बढ़ाता है। इस मौके पर इनर व्हील क्लब बरेली न्यू नौर्थ की प्रेसिडेंट व संस्थान की उपाध्यक्ष मालती सिंह ने बच्चों को ढेर सारी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पर्व हमारी संस्कृति का एक पवित्र त्योहार है, यह भाई बहन के बीच अटूट विश्वास और अपार प्रेम को समर्पित है।



# कृष्ण जन्माष्टमी

इनर व्हील क्लब ऑफ बरेली न्यू नॉर्थ के सहयोग से रक्षाबंधन हर्षोल्लास पूर्वक संस्थान में मनाया गया। स्पेशल बच्चों के तिलक लगाने के बाद उनकी कलाइयो में राखी बांधकर स्पेशल बहनो ने भाइयो को मिठाई भी खिलाया। संस्थान के अध्यक्ष एवं पूर्व रोटरी गवर्नर पी. पी. सिंह ने बताया कि यह त्योहार भाई बहन के आपसी प्रेम को बढ़ाता है। यह पर्व हमारी संस्कृति का एक पवित्र त्योहार है, यह भाई बहन के बीच अटूट् विश्वास और अपार प्रेम को समर्पित है। संस्थान की उपाध्यक्ष मालती सिंह, इनर व्हील की सचिव रमा रानी, मंजुला खंडेलवाल, श्यामा अरोड़ा भी उपस्थित थी।















# Happy Teacher's Day

दिनांक 07 सितंबर 2024 को अर्बन कोऑपरेटिव बैंक, डी डी पुरम के सभागार में रोटरी क्लब ऑफ नॉर्थ और इनरव्हील क्लब ऑफ बरेली न्यू नार्थ ने नेशन बिल्डर अवार्ड के अंतर्गत विशेष शिक्षिकाओं का सम्मानित कर प्रमाण पत्र व उपहार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महामहिम राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार् तथा विशिष्ट अतिथि कार्यक्रम समनव्यक् पूर्व गवर्नर पी. पी. सिंह, पूर्व गवर्नर डॉ रवि मेहरा थे। मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथियो को रोटरी के सदस्यों द्वारा प्रतीक चिन्ह प्रदान किया गया।








# Annual General Meeting - National Trust

## Ministry of Social Justice & Empowerment (Govt. of India)









दिनांक 23 एवं 24 सितंबर 2024 को सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार के संविधिक निकाय राष्ट्रीय न्यास (National Trust) की Board एवं Annual General Meeting में ऑटिज्म, सेरेब्रल पाल्सी, बौद्धिक दिव्यांगता और बहु-दिव्यांगता के बुनियादी कार्यों, कानूनी और कल्याण के लिए नेशनल ट्रस्ट बोर्ड के चेयरमैन के समक्ष अपने विचार प्रस्तुत करते चेयरमैन पी.पी. सिंह।



# साक्षात्कार – दूरदर्शन बरेली




पूजा सेवा संस्थान के बारे में पूर्ण जानकारी, विभिन्न क्रियाकलापों व उपलब्धियों के बारे में बरेली दूरदर्शन में साक्षात्कार देते अध्यक्ष पी.पी. सिंह।



# शुभकामना संदेश



मुझे यह जानकर हर्ष हुआ है, कि बरेली जनपद में बौद्धिक दिव्यांग बच्चों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कार्य रही है। पूजा सेवा संस्थान द्वारा दिनांक 15 दिसम्बर 2024 को वार्षिकोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें स्मारिका 'लक्ष्य' के 12वें संस्करण का प्रकाशन भी किया जा रहा है। संस्थान अपने सरंक्षक सम्मानीय श्री पी0 पी0 सिंह पूर्व रोटरी गर्वनर एवं सदस्य नेशनल ट्रस्ट राज्य दिव्यांगता सलाहकार बोर्ड (उ0प्र0) के उत्तम दिशा निर्देशन में पूजा सेवा संस्थान स्पेशल बच्चों को शिक्षण-प्रशिक्षण के साथ-साथ समाज की मुख्य धारा की ओर अग्रसर कर रहें है। दिव्यांग बच्चे अपने परिवार व समाज पर भार न बनें और आत्मनिर्भर होकर जीवन पथ पर अग्रसर हो, इसके लिए पूजा सेवा संस्थान से जुड़े सभी महानुभावों की इस पुनीत सेवा के लिए शुभकामनायें देती हूँ। दिव्यांग बच्चों को आत्म-निर्भर बनाने एवं समाज की मुख्यधारा से जुड़ने के लिए आप एवं आपके संस्थान के सभी सदस्यगण बधाई के पात्र है।

**(संगीता सिंह)**
उपनिदेशक
दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग
बरेली मण्डल, बरेली।

# शुभकामना संदेश



पूजा सेवा संस्थान द्वारा विगत 14 वर्षो से बौद्धिक दिव्यांगता वाले बच्चों को उनके शैक्षणिक स्तर के उन्नयन एवं दैनिक जीवन के लिए आवश्यक दक्षता एवं कौशल विकास के लिए कार्य किया जा रहा है। संस्थान के संरक्षक श्री पी0 पी0 सिंह जी पूर्व रोटरी गवर्नर एवं सदस्य नेशनल ट्रस्ट, राज्य दिव्यांगता सलाहकार बोर्ड (उ0 प्र0) के उत्तम दिशा निर्देशन में इस पुनीत कार्य में पूर्ण समर्पण एवं ईमानदारी के साथ प्रयास किया जा रहा है। दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, संस्थान की इस प्रतिबद्धता की हृदय से सराहना करता है। संस्थान के प्रबंधन एवं शिक्षकों को उक्त सराहनीय कार्य हेतु इन्हें बधाई देता हूँ। ईश्वर से मेरी यही कामना है, कि संस्थान इस पुनीत कार्य हेतु निरन्तर विकास के पथ पर अग्रसर रहते हुए कार्य करते रहें।



**चमन सिंह**

(जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी, बरेली)






इनरव्हील क्लब ऑफ बरेली न्यू नॉर्थ ने संस्थान के दिव्यांग बच्चों के साथ तीज महोत्सव बड़ी धूम धाम और हर्षोल्लास से मनाया। अध्यापिकाओ तथा बच्चों के लिए मेहंदी प्रतियोगिताओं व बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। बच्चों ने संस्थान में लगे झूले का आनंद लिया। तीज के महत्व के बारे मे क्लब की अध्यक्षा ने बताया, कि तीज का त्योहार हमारी संस्कृति को दर्शाता है। इस प्रकार के उत्सवों से बच्चों को प्रेरणा मिलती है और बच्चे भारतीय संस्कृति से परिचित होते हैं। प्रतियोगी सभी दिव्यांग बच्चों को व समस्त स्टाफ को उपहार तथा खाने पीने का सामान वितरित किया गया। इस मौके पर क्लब की अध्यक्षा श्रीमती श्यामा अरोरा, मालती सिंह उपस्थित थे। इस मौके पर संस्थान के अध्यक्ष पी.पी. सिंह और रोटरी क्लब नॉर्थ के सचिव जे. आर. गुप्ता क्लब की सदस्यों ने सभी बच्चों को शुभकामनाएं दी।







दिनांक 27 से 31 जनवरी 2024 तक दिल्ली में आयोजित नेशनल फ्लोरबाल महिला चैंपियनशिप में संस्थान की छात्रा इशिका कोचर ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल जीत कर संस्थान व प्रदेश का नाम रोशन किया।






# SPECIAL OLYMPICS





दिनांक 07 व 08 सितम्बर 2024 तक आगरा के डॉ भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय में आयोजित राज्य स्तरीय हैण्डबॉल चैम्पियनशिप में संस्थान के छात्र अंकित गंगवार, मो0 मूसा हारून तथा अर्पण शर्मा ने सिल्वर मेडल जीता।





पूजा सेवा संस्थान के स्पेशल बच्चों के साथ राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी एवम् शास्त्री जी की जयंती मनायी गई। संस्थान के बच्चों ने अभिनय गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ नागरिक सम्मान से श्री सतीश रोहतगी श्री अनिल कुमार एडवोकेट, श्री वी पीं खंडेलवाल, श्री लालकरन सिंह एवम् श्री आर. एस. मिश्रा को माला पहनाकर एवम् शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।
















# मतदान

### के लिए जागरुकता करते संस्थान के बच्चे






संस्थान के बौद्धिक दिव्यांग छात्र प्रतीक शर्मा व छात्रा सुहानी सिन्हा ने पहली बार अपने मत का प्रयोग किया।


पहली बार वोट डालने वालों में दिखा उत्साह,
दिव्यांग और बुजुर्ग ने भी किया मतदान

# स्वेटर वितरण

इनरव्हील क्लब बरेली प्राइड एण्ड पावर द्वारा संस्थान के स्पेशल बच्चों को स्वेटर प्रदान किए गये।



















पूजा सेवा संस्थान के स्पेशल् बच्चों ने विशेष शिक्षिकाओं व संस्थान के अध्यक्ष पी. पी. सिंह के साथ संजय कम्युनिटी हाल में जादू शो का भरपूर आनंद लिया। शो के दौरान ओ पी शर्मा का जादू देख बच्चों में गज़ब का उत्साह था। पूजा सेवा संस्थान के अध्यक्ष एवं पूर्व रोटरी गवर्नर पी. पी. सिंह ने रोटरी क्लब ऑफ बरेली नॉर्थ की ओर से जादूगर ओ. पी. शर्मा फूलों का हार व शाल ओढ़ाकर स्मृति चिन्ह भेंट किया उनके साथ उनकी पत्नी मालती सिंह भी थी। इस मौके पर रोटरी क्लब ऑफ बरेली नॉर्थ के अध्यक्ष गुलशन अरोरा, एन के कोहली, संस्थान का समस्त स्टाफ सहित श्यामा अरोरा तथा बच्चों के अभिभावक आदि उपस्थित थे।




# सरदार बल्लभ भाई पटेल जयंती



संस्थान मे लौहपुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती धूमधाम से मनाई गई। संस्थान के अध्यक्ष एवं पूर्व रोटरी गवर्नर पी पी सिंह ने सरदार पटेल के चित्र पर माल्यार्पण कर 148 वीं जयंती पर नमन करते हुए कहा कि भारत को एकजुट करने वाले व्यक्ति के रूप मे उन्हें हमेशा याद किया जाएगा। इस मौके पर सभी को शपथ भी दिलाई गई। इस मौके पर इनर व्हील क्लब की प्रेसिडेंट मालती सिंह, मंजुला खंडेलवाल, सुनील शर्मा आदि मौजूद रहे।
















पूजा सेवा संस्थान मे दीपावली का पर्व स्पेशल् बच्चों ने हर्षोल्लास व धूमधाम से मनाया। स्पेशल् बच्चों ने चेयरमैन पी. पी. सिंह व शिक्षिकाओं के साथ गणेश लक्ष्मी की पूजा अर्चना की। उसके बाद चेयरमैन पी. पी. सिंह ने दीपावली पर्व के बारे मे बच्चो को बताया कि दीपावली अंधकार पर प्रकाश व असत्य पर सत्य की जीत का प्रतीक है बच्चों को रामायण के आदर्शों और सीख का महत्व समझाया। संस्थान की उपाध्यक्ष मालती सिंह ने सभी के लिए दीपावली की शुभकामनायें दी।प्रधानाचार्या व शिक्षिकाओं ने भी दीपावली के इस उत्सव में बच्चों के साथ मिलकर आनंद लिया और पटाखे, फुलझड़ी से उत्सव की रौनक को और बढ़ाया।

माननीय केन्द्रीय राज्यमंत्री श्री बी. एल. वर्मा (सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार) के साथ मुलाकात एवं मन की बात कार्यक्रम देखते हुए अध्यक्ष पी. पी. सिंह।





माननीय राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री नरेन्द्र कश्यप (पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, उ0 प्र0) को दिव्यांग मेला हेतु ज्ञापन देते हुए संस्थान के अध्यक्ष पी. पी. सिंह।



# Report Card Distribution











बच्चों की प्रगति व्यवहार और दैनिक गतिविधियों का मूल्यांकन कर बच्चों को रिपोर्ट कार्ड प्रदान करती संस्थान की प्रधानाचार्य के साथ विशेष शिक्षाकायें।

प्रभावशाली गणमान्य व्यक्तियों को संस्थान की स्मारिका प्रदान करते हुए
अध्यक्ष पी. पी. सिंह।



## राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित हुए अर्पण



बरेली। विश्व दिव्यांगजन दिवस पर मंगलवार को केंद्र सरकार के सामाजिक न्याय व अधिकारिता मंत्रालय की ओर से शहर के मानसिक दिव्यांग अर्पण शर्मा को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने दिव्यांगजन सशक्तीकरण हेतु राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया। अब अर्पण को बुधवार को राष्ट्रपति भवन, राजघाट, संसद, कुतुबमीनार, लाल किला की सैर कराई जाएगी। बिहारीपुर निवासी अर्पण ने अपनी कमजोरी को कभी बाधा नहीं बनने दिया। अर्पण ने एथलेटिक्स में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में कई पदक जीते। वर्ष 2013 में उन्होंने ऑस्ट्रेलिया में आयोजित एशिया पैसिफिक रीजनल गेम्स में 200 मीटर दौड़ में रजत व 2015 में अमेरिका में आयोजित [illegible] में चौथा स्थान हासिल किया था। उनके पिता सुनील कुमार बताते हैं कि अर्पण ने हमें सिखाया है कि हौसला सबसे बड़ी ताकत है। संवाद

## पैर छूकर बोले, पापा! लो आपकी मेहनत का 'अर्पण'





## राष्ट्रपति के हाथों अर्पण शर्मा को सर्वश्रेष्ठ दिव्यांगजन पुरस्कार

देश-विदेश में पावर लिफ्टिंग, साइकिलिंग समेत कई खेलों में किया शानदार प्रदर्शन

दिव्यांग दिवस














03 दिसम्बर 2024 को दिल्ली के विज्ञान भवन में अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस पर **महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू** द्वारा **पूजा सेवा संस्थान** के छात्र **अर्पण शर्मा** को सर्वश्रेष्ठ दिव्यांगजन की श्रेणी में राष्ट्रीय पुरुस्कार 2024 से सम्मानित किया गया।